14. (B) भारतीय संविधान का भाग 9ख (IXB) सहकारी समितियों से संबंधित है। इसे 97वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2011 के द्वारा संविधान में जोड़ा गया था, जिसके अंतर्गत अनुच्छेद 243ZH से 243ZT शामिल हैं। इसका उद्देश्य देश में सहकारी समितियों के लोकतांत्रिक, व्यावहारिक और आर्थिक रूप से स्वायत्त संचालन को बढ़ावा देना तथा उन्हें संवैधानिक दर्जा प्रदान करना।

नोट–97वें संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 19(1)(C)) के तहत सहकारी समिति बनाने के अधिकार को एक मौलिक अधिकार भी बनाया गया था।

15. (B) 2002 में अधिनियमित आतंकवाद निवारण अधिनियम (पोटा–POTA) पूरे भारत में लागू होता है, देश के बाहर रहने वाले भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है और भारत के बाहर किए गए अपराधों को भी भारत के भीतर किए गए अपराधों के समान ही मानता है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद विरोधी अभियानों को मजबूत करना था। इसके प्रावधानों के अनुसार, भारत के बाहर किए गए अपराधों को भी देश के भीतर किए गए अपराधों की तरह ही माना जाता था। हालाँकि, इसके दुरुपयोग के आरोपों के चलते इसे वर्ष 2004 में निरस्त (Repeal) कर दिया गया था।

16. (C) कारखाने और मिलें द्वितीयक क्षेत्र में बड़े–पैमाने के उद्योग का उदाहरण है। अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र (Secondary Sector) के अंतर्गत कच्चे माल को मूल्यवान तैयार उत्पादों में बदला जाता है (विनिर्माण)। कारखाने और मिलें बड़े पैमाने पर भारी पूंजी, आधुनिक तकनीकों और बड़ी संख्या में श्रमिकों के साथ उत्पादन करती हैं, इसलिए ये बड़े पैमाने के उद्योग का प्रमुख उदाहरण हैं।

17. (B) भारत में राष्ट्रीय आवास बैंक (National Housing Bank – NHB) की स्थापना 9

जुलाई, 1988 में हुई थी। इसकी स्थापना राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के तहत एक शीर्ष वित्तीय संस्थान के रूप में की गई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। प्रारंभ में यह भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का पूर्ण स्वामित्व वाला सहायक बैंक था, लेकिन वर्तमान में यह पूरी तरह से भारत सरकार (वित्त मंत्रालय) के स्वामित्व में है। इसका उद्देश्य देश में आवास वित्त संस्थाओं को बढ़ावा देना, उनका नियमन करना और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

18. (D) भारत में बैंकिंग के लिए मुख्य नियामक संस्था भारतीय रिजर्व बैंक है। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत की गई थी। RBI का राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी, 1949 को हुआ था। इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इसका कार्य भारत में संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली का नियमन और नियंत्रण करना और बैंकों को लाइसेंस देना और उन पर निगरानी रखना है । देश की मौद्रिक नीति (Monetary Policy) का निर्धारण करना और नोट जारी करना भी इसके महत्वपूर्ण कार्य हैं।

- **SEBI :** यह शेयर और पूँजी बाजार की नियामक संस्था है।
- **NABARD :** यह कृषि और ग्रामीण विकास के लिए वित्तीय सहायता देने वाला शीर्ष बैंक है।
- **IRDA :** यह बीमा क्षेत्र का नियामक है।

19. (A) प्रकृति में 4 मूलभूत बल मौजूद हैं। जिनमें गुरुत्वाकर्षण बल, विद्युत चुम्बकीय बल, सबल नाभिकीय बल और दुर्बल नाभिकीय बल शामिल हैं। विवरण निम्न है—

- **गुरुत्वाकर्षण बल :** वस्तुओं के द्रव्यमान के कारण लगने वाला आकर्षण बल।
- **विद्युत चुम्बकीय बल :** आवेशित कणों के बीच लगने वाला बल।
- **सबल नाभिकीय बल :** परमाणु के केंद्र में कणों को बांधकर रखने वाला सबसे मजबूत बल।
- **दुर्बल नाभिकीय बल :** रेडियोएक्टिव क्षय के लिए जिम्मेदार बल।

20. (C) पौधों में क्लोरोफिल का मुख्य कार्य प्रकाश–संश्लेषण (फोटोसिंथेसिस) के लिए प्रकाश ऊर्जा अवशोषित करना है। क्लोरोफिल (हरितलवक) पौधों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक हरा वर्णक (pigment) है। इसका मुख्य कार्य सूर्य के प्रकाश (विशेष रूप से नीली और लाल तरंगदैर्ध्य) को अवशोषित करना है। इस अवशोषित ऊर्जा का उपयोग करके पौधे पानी और कार्बन डाइऑक्साइड को ग्लूकोज (भोजन) और ऑक्सीजन में बदलते हैं। क्लोरोफिल के अणु के केंद्र में मैग्नीशियम (Mg) धातु पायी जाती है।

21. (B) CSIR–IGIB ने जीन थेरेपी के व्यावसायीकरण के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया संगठन के साथ साझेदारी की है। इसका उद्देश्य स्वदेशी जीन थेरेपी को किफायती दामों पर आम जनता तक पहुँचाना। यह तकनीक विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया (Sickle Cell Anemia) और बीटा–थेलेसीमिया जैसी आनुवंशिक बीमारियों के इलाज के लिए तैयार की जा रही है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इस तकनीक के अगले चरणों के परीक्षण और बड़े पैमाने पर निर्माण को संभालेगा।

22. (D) ट्विटर (X) माइक्रोब्लॉगिंग का उदाहरण है। यह ब्लॉगिंग का एक ऐसा रूप है जहाँ उपयोगकर्ता बहुत ही छोटे और संक्षिप्त संदेश (जैसे वाक्य, चित्र या वीडियो लिंक) साझा करते हैं। ट्विटर (X) पर पोस्ट लिखने के लिए शब्दों या अक्षरों की एक निश्चित सीमा (Character Limit) तय होती है। अन्य का विवरण निम्न है—

- **यूट्यूब :** यह मुख्य रूप से एक वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म है जहाँ उपयोगकर्ता लंबी या छोटी वीडियो सामग्री अपलोड करते हैं और देखते हैं।
- **व्हाट्सएप :** यह एक इंस्टेंट मैसेजिंग (चैटिंग) ऐप है, जिसका उपयोग निजी या समूह में बातचीत करने के लिए किया जाता है।
- **लिंक्डइन :** यह एक प्रोफेशनल नेटवर्किंग साइट है, जहाँ लोग करियर, नौकरी और व्यवसाय से जुड़ी जानकारियाँ या लंबे लेख साझा करते हैं।

23. (C) स्पेस नीडल सिएटल शहर में स्थित है। यह अमेरिका के वाशिंगटन राज्य में स्थित एक प्रसिद्ध अवलोकन टॉवर (Observation Tower) है। इसका निर्माण 1962 के 'विश्व मेले' (World's Fair/Century 21 Exposition) के अवसर पर किया गया था। इसकी कुल ऊँचाई 605 फीट (लगभग 184 मीटर) है। यह सिएटल शहर का एक प्रमुख लैंडमार्क और प्रतीक (Icon) है। इस टॉवर के ऊपरी हिस्से में घूमता हुआ एक रेस्टोरेंट और अवलोकन मंच बना हुआ है, जहाँ से शहर और आसपास की माउंट रैनियर पहाड़ियों का दृश्य दिखाई देता है।

24. (A) एटोमियम (Atomium) ब्रसेल्स शहर में स्थित है। यह एटोमियम (Atomium) बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में स्थित एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारक और इमारत है। इसका निर्माण 1958 के ब्रसेल्स विश्व मेले के अवसर पर मुख्य लैंडमार्क के रूप में किया गया था। यह संरचना लोहे के एक क्रिस्टल (Iron Crystal Unit Cell) के आकार की है इसकी कुल ऊँचाई 102 मीटर (335 फीट) है। इसे इंजीनियर आंद्रे वॉटरकेयन और आर्किटेक्ट आंद्रे व ज्यां पोलक ने डिजाइन किया था।

25. (A) नौपरिवहन (शिपिंग) की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करना, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) का प्राथमिक उद्देश्य है। यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह समुद्र में जीवन की सुरक्षा (SOLAS) जैसे वैश्विक मानकों को निर्धारित और प्रबंधित करता है। इसकी स्थापना 1948 में (जेनेवा सम्मेलन) हुई थी और यह 1958 में वर्तमान प्रारूप में अस्तित्व में आया। इसका मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम (UK) में स्थित है।

26. (A) "विश्व टेलीविजन दिवस" प्रत्येक वर्ष 21 नवंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UN General Assembly) ने 1996 में 21 नवंबर को ''विश्व टेलीविजन दिवस'' घोषित किया था। 21 और 22 नवंबर, 1996 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रथम विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन किया गया था, जिसकी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संचार, निर्णय लेने की प्रक्रिया और वैश्विक मुद्दों (जैसे संघर्ष, शांति और सुरक्षा) पर जनता का ध्यान आकर्षित करने में मीडिया/टेलीविजन की भूमिका और प्रभाव को स्वीकार करना है।

27. (A) भारत में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था और इस दिन को प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रूप में सम्मानित किया जाता है। यह परंपरा 1962 में शुरू हुई थी, जब

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने थे।

- **सरदार वल्लभभाई पटेल :** इनका जन्मदिन 31 अक्टूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- **लाल बहादुर शास्त्री :** इनका जन्मदिन 2 अक्टूबर को होता है, जिसे 'गांधी जयंती' के साथ सादगी और शांति दिवस के रूप में याद किया जाता है।
- **सुभाष चंद्र बोस :** इनका जन्मदिन 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

28. (A) भारत 1 जनवरी, 1995 से विश्व व्यापार संगठन (WTO) का संस्थापक सदस्य है। WTO की स्थापना से पहले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का नियमन GATT (General Agreement on Tariffs and Trade) द्वारा किया जाता था। भारत 8 जुलाई, 1948 से GATT का भी सदस्य था। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित है। इसका मुख्य कार्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के नियमों को तय करना, व्यापार समझौतों को लागू करना और व्यापारिक विवादों को सुलझाना है।

29. (D) सरस्वती सम्मान पुरस्कार के.के. बिरला फाउंडेशन संस्था द्वारा दिया जाता है। यह पुरस्कार भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित उत्कृष्ट साहित्यिक कृति के लिए प्रतिवर्ष दिया जाता है। इसके तहत विजेता को ₹ 15 लाख की पुरस्कार राशि, एक प्रशस्ति पत्र और पट्टिका दी जाती है। प्रथम सरस्वती सम्मान डॉ. हरिवंश राय बच्चन को उनकी आत्मकथा के लिए दिया गया था।

30. (C) ''द फॉरेस्ट आई नो'' (The Forest I Know) भारतीय कवयित्री कला रमेश द्वारा रचित जापानी काव्य शैली (तंका, तंका गद्य और तंका दोहा) की प्रसिद्ध पुस्तक है। उन्होंने भारतीय संदर्भ में जापानी काव्य विधाओं (हाइकु, हिबुन, तांका) को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पुस्तक मुख्य रूप से प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित है।

31. (B) एथेंस शहर ग्रीस (यूनान) की राजधानी है। यह ग्रीस का सबसे बड़ा शहर है। इसे दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक माना जाता है, जिसका इतिहास 3,400 वर्षों से भी अधिक पुराना है। इसे पश्चिमी सभ्यता का पालना और लोकतंत्र का जन्मस्थान भी माना जाता है। अन्य का विवरण निम्न है—

- **जकार्ता :** यह इंडोनेशिया की वर्तमान राजधानी है।
- **बर्लिन :** यह जर्मनी की राजधानी है।
- **रोम :** यह इटली की राजधानी है।

32. (D) भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 रमन प्रभाव खोज की याद में मनाया जाता है। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार दिया गया था, जिससे वे विज्ञान में नोबेल जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का मुख्य विषय (Theme) ''विज्ञान में महिलाएँ : विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'' रखा गया था। इस दिवस की शुरुआत राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद (NCSTC) के सुझाव पर भारत सरकार द्वारा 1986 में की गयी थी। पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी, 1987 को मनाया गया था।

33. (C) श्री अनिल कुमार रस्तोगी, जो पद्म श्री 2026 के प्राप्तकर्ता हैं, कला क्षेत्र से जुड़े हैं। लखनऊ के वरिष्ठ रंगकर्मी, थिएटर व फिल्म अभिनेता डॉ. रस्तोगी को कला (Art) के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म श्री 2026 से सम्मानित किया गया है। पेशे से वैज्ञानिक (CDRI, लखनऊ के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक) होने के बावजूद उन्होंने , रंगमंच (थिएटर), रेडियो, टीवी और फिल्मों के क्षेत्र में 6 दशक से भी अधिक समय तक उल्लेखनीय कार्य किया है।

34. (A) 23 मार्च, 2024 तक, भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प के अंतर्गत 18 समुद्री घटनाओं पर कार्रवाई की थी। यह कार्यवाही अदन की खाड़ी, अरब सागर और सोमालिया के पूर्वी तट पर 100 दिनों के दौरान पूरी की गई। इस दौरान एमवी रुएन (MV Ruen) जहाज के सफल बचाव सहित कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए।

35. (D) BCCI नमन पुरस्कार 2026 में 2024 – 25 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण (पुरुष) पुरस्कार से हर्षित राणा को सम्मानित किया गया। हर्षित राणा भारत के युवा तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण प्रदर्शन से सबको बेहद प्रभावित किया था।

36. (D) जल महोत्सव 2026 का आयोजन पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया गया था। यह विभाग जल शक्ति मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। पेयजल और स्वच्छता अभियान जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पेयजल प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 मार्च से 22 मार्च तक पूरे देश में चलाया गया था।

37. (A) तमिलनाडु के मदुरै हवाई अड्डे को मार्च, 2026 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा दिया गया है। इससे दक्षिण तमिलनाडु के आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा। मदुरै को ''मंदिरों का शहर'' (Temple City) कहा जाता है। यह दक्षिणी तमिलनाडु का एक प्रमुख तीर्थ और सांस्कृतिक केंद्र है। अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा मिलने से दक्षिणी तमिलनाडु में वैश्विक कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और मीनाक्षी अम्मन मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को सीधी हवाई सेवा की सुविधा मिल सकेगी।

38. (D) भारत और श्रीलंका के बीच सिरिमावो–शास्त्री समझौता, 1964 में श्रीलंका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की स्थिति का उल्लेख किया गया है। यह ऐतिहासिक समझौता भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और श्रीलंका (तब सीलोन) की प्रधानमंत्री सिरिमावो भंडारनाइके के बीच 30 अक्टूबर, 1964 को हुआ था। इसका मुख्य उद्देश्य श्रीलंका के चाय और रबर बागानों में काम करने वाले लगभग 9,75,000 राज्यविहीन (Stateless) भारतीय मूल के लोगों की नागरिकता और भविष्य की स्थिति का फैसला करना था। इस समझौते के तहत 3,000,000 लोगों को श्रीलंका की नागरिकता देना तय हुआ। 5,25,000 लोगों को भारत वापस भेजकर भारतीय नागरिकता दी जानी थी। शेष 1,500,000 लोगों की स्थिति पर बाद में फैसला होना तय हुआ।

39. (C) अभाज्य संख्या वह संख्या होती है जो 1 से बड़ी एक ऐसी संख्या जो केवल 1 और स्वयं से विभाज्य हो।

40. (B) हम जानते हैं,

पाँच क्रमागत विषम संख्याओं में बीच वाली संख्या औसत होती है।

दिया है,

$$\text{औसत} = \frac{2295}{5} = 459$$

अत: पाँच संख्याएँ = L = 455, M = 457, N = 459, O = 461 और P = 463

अब, $L + P = 455 + 463 = 918$

अतः L और P का योग = 918

41. (D) दिया है,

- पहली संख्या = 1002
- दूसरी संख्या = 1314
- HCF = 6

हम जानते हैं,

HCF × LCM = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$$LCM = \frac{1002 \times 1314}{6}$$

$$LCM = 219438$$

अतः दोनों संख्याओं का LCM = 219438 होगा।

42. (C) दिया है,

- 187
- 391

$187 = 11 \times 17$

$391 = 17 \times 23$

दोनों संख्याओं में समान गुणनखंड 17 है।

अतः सबसे बड़ी संख्या = 17

43. (A) दिया है,

$\frac{2}{5}$ और $\frac{3}{10}$

भिन्नों का LCM = $\frac{\text{अंशों का LCM}}{\text{हरों का HCF}}$

अंशों का LCM (2, 3) = 6

हरों का HCF (5, 10) = 5

अतः $LCM = \frac{6}{5}$

44. (A) दिया है :

- 0.34
- $\frac{1}{3} = 0.3333\ldots$
- 0.33
- 0.303

अब संख्याएँ हैं,

- 0.34
- 0.3333…
- 0.33
- 0.303

छोटी से बड़ी संख्या के क्रम में :

$0.303 < 0.33 < 0.3333\ldots < 0.34$

अतः सही क्रम है : 0.303, 0.33, $\frac{1}{3}$, 0.34

45. (D) दिया है,

0.08×0.0052

$0.08 \times 0.0052 = 0.000416$

$0.000416 = 4.16 \times 10^{-4}$

46. (A) दिया है :

$40 - (17 - 12 \div (5 + 9 \times 2 - 17)]$

$= 40 - (17 - 12 \div (5 + 18 - 17))$

$= 40 - [17 - 12 \div 6]$

$= 40 - [17 - 2]$

$= 40 - 15$

$= 25$

47. (D) दिया है, 120 का $\left(\frac{9}{50}\right)$

$$= \frac{120 \times 9}{50}$$

$$= \frac{1080}{50}$$

$$= 21.6$$

48. (C) कुल बिक्री = 1200 + 1500 + 900 + 1800 + 2100 + 2400 + 600 = 10500

अतः सप्ताह की कुल बिक्री ₹10,500 है।

49. (B) 7 संख्याओं का औसत = 30

कुल योग = 7 × 30 = 210

1 संख्या हटाने पर शेष 6 संख्याओं का औसत = 31

शेष 6 संख्याओं का योग = 6 × 31 = 186

अपवर्जित संख्या = 210 – 186 = 24

अतः अपवर्जित संख्या = 24

50. (C) दिया है :

- संख्याओं का अनुपात = 3 : 4
- HCF = 88

मान लें संख्याएँ $3x$ और $4x$ हैं।

चूँकि 3 और 4 सहाभाज्य हैं, इसलिए उनका HCF = x होगा।

अतः $x = 88$

संख्याएँ :

$3 \times 88 = 264,\ 4 \times 88 = 352$

HCF × LCM = पहली संख्या × दूसरी संख्या

$$LCM = \frac{264 \times 352}{88}$$

$$= 264 \times 4$$

$$= 1056$$

अतः LCM = 1056

51. (C) लाल : नीली = 3 : 5

यदि 3 भाग = 24 लाल कैंडी,

तो, 1 भाग = 24 ÷ 3 = 8

नीली कैंडी = 5 भाग

5 × 8 = 40

अतः नीली कैंडी = 40

52. (D) केवल दिल्ली जाने वाले लोग

= 600 – 250 = 350

केवल मुंबई जाने वाले लोग

= 450 – 250 = 200

अनुपात = 350 : 200

= 7 : 4

अतः केवल दिल्ली : केवल मुंबई = 7 : 4.

53. (C) मान लें हार्दिक की वर्तमान आयु x वर्ष है।

60 वर्ष बाद आयु = $x + 60$

6 वर्ष पहले आयु = $x - 6$

प्रश्नानुसार,

$x + 60 = 7(x - 6)$

$x + 60 = 7x - 42$

$60 + 42 = 7x - x$

$102 = 6x$

$x = 17$

अतः हार्दिक की वर्तमान आयु 17 वर्ष है।

54. (B) मैरी : जेन = 3 : 5

कुल भाग = 3 + 5 = 8

दोनों की आयु का योग = 64 वर्ष

1 भाग = 64 ÷ 8 = 8

जेन की आयु = 5 भाग

5 × 8 = 40

अतः जेन की आयु = 40 वर्ष।

55. (D) मान लें संख्या = x

प्रश्नानुसार,

x का 70% = 56

$$\frac{70}{100}x = 56$$

$$x = \frac{56 \times 100}{70} = 80$$

अब संख्या को 25% बढ़ाने पर :

$$80 + \frac{25}{100} \times 80 = 80 + 20$$

$$= 100$$

अतः बढ़ी हुई संख्या 100 है।

56. (A) दिया है,

V = H का 32%

$V = \frac{32}{100} H$

$H = \frac{100}{32} V$

H = 3.125V

प्रतिशत $= \frac{H \times 100}{V}$

$= \frac{3.125\, V \times 100}{V}$

= 312.5%

अतः H, V का 312.5% है।

57. (B) दिया है,

विक्रय मूल्य = ₹1404

हानि = 10%

10% हानि होने पर विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य का 90% होता है।

CP का 90% = 1404

$\frac{90}{100} \times CP = 1404$

$CP = \frac{1404 \times 100}{90}$

CP = 1560

अतः वस्तु का क्रय मूल्य = ₹1,560

58. (D) 150 पेंसिलों का क्रय मूल्य

= 150 × 10 = 1500

150 पेंसिलों का विक्रय मूल्य

= 150 × 5 = 750

हानि = 1500 – 750 = 750

अतः कुल हानि = ₹750

59. (D) वर्ष 4 में बनाए गए घरों की संख्या = 10

प्रत्येक घर की लागत = ₹8 लाख

कुल लागत = 10 × 8 = 80

अतः वर्ष 4 में निर्माण पर कुल लागत ₹80 लाख आई।

60. (D) कुल निवेश = ₹6000

A का निवेश = ₹2000

अतः B और C का कुल निवेश

= 6000 – 2000 = 4000

B : C = 2 : 3

कुल भाग = 2 + 3 = 5

C का निवेश $= \frac{3}{5} \times 4000 = 2400$

अब निवेश अनुपात = A : B : C

= 2000 : 1600 : 2400

= 5 : 4 : 6

कुल भाग = 5 + 4 + 6 = 15

C का लाभांश $= \frac{6}{15} \times 3600$

$= \frac{2}{5} \times 3600$

= 1440

अतः C का लाभ में हिस्सा = ₹ 1440

61. (A) अनविता 8 दिन में काम पूरा करती है और माया 12 दिन में।

मान लें कुल काम = 24 इकाई

अनविता 1 दिन में काम करती है

= 24 ÷ 8 = 3 इकाई

माया 1 दिन में काम करती है

= 24 ÷ 12 = 2 इकाई

दोनों मिलकर 1 दिन में

= 3 + 2 = 5 इकाई

लेकिन यह काम तब है जब दोनों 3–3 घंटे प्रतिदिन काम करें। अर्थात् 6 घंटे में 5 इकाई काम होता है।

अब वे प्रतिदिन 7.2 घंटे काम करती हैं,

इसलिए 1 दिन का काम $= 5 \times \frac{7.2}{6}$

= 6 इकाई

कुल काम = 24 इकाई

आवश्यक दिन = 24 ÷ 6 = 4 दिन

अतः वे काम को 4 दिन में पूरा करेंगी।

62. (A) दिया है,

मूलधन = 6000

ब्याज दर = 12% प्रतिवर्ष

समय = 2 वर्ष

साधारण ब्याज $= \frac{6000 \times 12 \times 2}{100}$

= 1440

कुल राशि = 6000 + 1440

= 7440

अतः अवधि के अंत में कुल राशि ₹7440 होगी।

63. (A) दिया है,

मूलधन = 5340

ब्याज दर = 10% प्रतिवर्ष

समय = 2 वर्ष

$A = P\left(1 + \frac{P}{100}\right)^n$

मान रखने पर :

$A = 5340\left(1 + \frac{10}{100}\right)^2$

$A = 5340(1.1)^2$

A = 5340 × 1.21

A = 6461.4

अतः 2 वर्ष बाद राशि ₹ 6461.4 होगी।

64. (B) रेलगाड़ी की लंबाई = 600 मीटर

सुरंग की लंबाई = 1.2 किमी = 1200 मीटर

पूरी सुरंग पार करने के लिए कुल दूरी

= 600 + 1200 = 1800 मीटर

गति = 54 किमी/घंटा

$= \frac{54 \times 5}{18}$

= 15 मीटर/सेकंड

समय $= \frac{1800}{15}$

= 120 सेकंड

अतः रेलगाड़ी को सुरंग पूरी तरह पार करने में 120 सेकंड लगेंगे।

65. (A) दिए गए ग्राफ के आधार पर, कंपनी 1 और कंपनी 2 के बीच बिक्री का अंतर प्रत्येक वर्ष निम्नलिखित है–

2019 : 120 – 100 = 20

2020 : 140 – 110 = 30

2021 : 160 – 150 = 10

2022 : 180 – 170 = 10

2023 : 200 – 190 = 10

2024 : 200 – 175 = 25

वर्ष 2020 में दोनों कंपनियों की बिक्री के बीच का अंतर सबसे अधिक (30) था।

66. (C) दी गई तालिका के अनुसार, प्रत्येक शाखा की 2024 और 2025 की संयुक्त बिक्री (कुल बिक्री) इस प्रकार है–

C1 : 50 + 100 = ₹ 150 लाख

C2 : 150 + 200 = ₹ 350 लाख

C3 : 25 + 100 = ₹ 125 लाख

C4 : 96 + 100 = ₹ 196 लाख

C5 : 35 + 50 = ₹ 85 लाख

स्पष्ट है कि C2 शाखा की संयुक्त बिक्री सबसे अधिक (₹ 350 लाख) है।

67. (A) परिधि किसी बंद आकृति की सभी भुजाओं की लंबाइयों का कुल योग होती है।

68. (C) घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल

$$= 6a^2 = 294$$

$$a^2 = \frac{294}{6} = 49$$

$$a = 7 \text{ सेमी}$$

$$\text{घन का विकर्ण} = d = a\sqrt{3}$$

$$d = 7\sqrt{3} \text{ सेमी}$$

अतः घन के विकर्ण की लंबाई = $7\sqrt{3}$ सेमी।

69. (D) वृत्त की त्रिज्या = 7.18 सेमी

परिधि (C) = $2\pi r$

मान रखने पर :

$$C = 2 \times 3.14 \times 7.18$$
$$C = 6.28 \times 7.18$$
$$C = 45.0904$$

अतः वृत्त की परिधि लगभग 45.09 सेमी होगी।

70. (D) 9 अलग–अलग फलों में से 3 फल चुनने के तरीके–

$$^nC_r = \frac{n!}{r!(n-r)!}$$

जहाँ, $n = 9$

$r = 3$

अब, $$^9C_3 = \frac{9!}{3!(9-3)!}$$

$$= \frac{9\times8\times7}{3\times2\times1}$$

$$= \frac{504}{6} = 84$$

अतः 3 फल चुनने के कुल 84 तरीके हैं।

71. (C) कुल व्यक्ति = 5 पुरुष, 4 महिलाएँ = 9

3 सदस्यों की समिति बनाने के कुल तरीके

$$= {}^nC_r = \frac{n!}{r!(n-r)!}$$

$$^9C_3 = \frac{9\times8\times7}{3\times2\times1} = 84$$

अब केवल पुरुषों की समिति बनाने के तरीके

$$= {}^5C_3 = \frac{5\times4\times3}{3\times2\times1} = 10$$

कम–से–कम एक महिला होने के तरीके

$$= 84 - 10 = 74$$

अतः प्रायिकता = $\frac{74}{84} = \frac{37}{42}$

अतः समिति में कम–से–कम एक महिला होने की प्रायिकता = $\frac{37}{42}$ है।

72. (A) "EHTRA" को पुनर्व्यवस्थित करके सार्थक शब्द EARTH बनाया जा सकता है।

73. (C) शब्द KINGMAKER के अक्षरों से KICKER नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें C अक्षर मौजूद नहीं है और K की भी 3 आवश्यकता है जबकि केवल 2 K हैं।

74. (B) शब्द ACCOMPLISHED के अक्षरों से COMPUTE नहीं बनाया जा सकता है। क्योंकि इसमें U अक्षर मूल शब्द में नहीं है।

75. (C) शब्द ENLIGHTENING के अक्षरों से TENNIS नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें S अक्षर मूल शब्द में नहीं है।

76. (C) शब्द ADVENTURE के अक्षरों से TURN बनाया जा सकता है।

77. (C) दिए गए शब्द को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार लगाने पर,

Farmer, Fireman, Flight, Forget

अतः विकल्प (C) सही है।

78. (C) शब्द ABACTERIAL

यदि सभी स्वरों को अंग्रेजी वर्णमाला के अगले अक्षर में और सभी व्यंजनों को पिछले अक्षर में बदल दिया जाए,

A	B	A	C	T	E	R	I	A	L
↓+1	↓–1	↓+1	↓–1	↓–1	↓+1	↓–1	↓+1	↓+1	↓–1
B	A	B	B	S	F	Q	J	B	K

तो निम्नलिखित में से C अक्षर कोडित शब्द में नहीं आएगा।

79. (D) A = 26, B = 25, ..., Z = 1 के अनुसार,

नया मान = 27 सामान्य मान

A	R	I	S	E	S
↓	↓	↓	↓	↓	↓
26	9	18	8	22	8

योग = 26 + 9 + 18 + 8 + 22 + 8 = 91

उसी कोड भाषा में 'ARISES' शब्द के अक्षरों का कुल मान 91 है।

80. (C) RUTHENIUM' के अक्षरों को वर्णक्रम में व्यवस्थित करने पर,

वर्णक्रम :

E, H, I, M, N, R, T, U, U

मध्य अक्षर (N) के दाईं ओर दूसरा अक्षर T है।

81. (D) शर्तें–

1. % पहले नहीं आ सकता।

2. &, $ के तुरंत बाद नहीं आ सकता। (अर्थात $ & नहीं होना चाहिए।)

विकल्पों से,

(A) % & $

% पहले है

(B) % $ &

% पहले है

(C) $ & %

'&, $ के तुरंतु बाद है

(D) $ % $

% पहले नहीं है

अतः विकल्प (D) सही है।

82. (D) जिस प्रकार,

11	24	5	6	1
K	X	E	F	A
↓+2	↓+3	↓+2	↓+3	↓+2
M	A	G	I	C
13	1	7	9	3

उसी प्रकार,

13	1	7	9	3
M	A	G	I	C
↓+2	↓+3	↓+2	↓+3	↓+2
O	D	I	L	E
15	4	9	12	5

अतः विकल्प (D) सही है।

83. (B) जिस प्रकार,

P	I	Z	Z	A
16	9	26	26	1 = 78

और

B	U	R	G	E	R
2	21	18	7	5	18 = 71

उसी प्रकार,

D	R	I	N	K
4	18	9	14	11 = 56

84. (D) जिस प्रकार,

2	5	14	5	1	20	8
B	<u>E</u>	N	<u>E</u>	<u>A</u>	T	H
↓–1	↓+1	↓–1	↓+1	↓+1	↓–1	↓–1
A	F	M	F	B	S	G
1	6	13	6	2	19	7

उसी प्रकार,

4	18	5	1	13	5	18
D	R	<u>E</u>	<u>A</u>	M	<u>E</u>	R
↓–1	↓–1	↓+1	↓+1	↓–1	↓+1	↓–1
C	Q	F	B	L	F	Q
3	17	6	2	12	6	17

नियम–
स्वर (A, E, I, O, U)⟶अगले अक्षर (+1)
व्यंजन ⟶ पिछले अक्षर (–1)
उसी प्रकार,

3	1	16	20	21	18	5
C	<u>A</u>	P	T	<u>U</u>	R	<u>E</u>
↓–1	↓+1	↓–1	↓–1	↓+1	↓–1	↓+1
B	B	O	S	V	Q	F

अतः विकल्प (D) सही है।

85. (A) समय के आधार पर घटनाओं को सही कालानुक्रम में व्यवस्थित करने पर,

II. दुकान सुबह 10:00 बजे खुली।

III. खुलने के 5 घंटे बाद (दोपहर 3:00 बजे) सेल शुरू हुई।

IV. सेल, दुकान बंद होने से 2 घंटे पहले (शाम 6:00 बजे) समाप्त हुई।

I. दुकान रात 8:00 बजे बंद हुई।

अतः सही कालानुक्रम II → III → IV → I है।

86. (C) दी गई संख्याएँ

468, 735, 291, 804, 157

सबसे छोटी संख्या = 157

और 157 के पहले और अंतिम अंकों का गुणनफल = 1 × 7 = 7

87. (A) $M^- = Y^+$
|
T^-—R^+—Q^-

अतः T, Q की बहन है।

88. (C)



अब आरंभिक बिंदु से उसकी सबसे कम दूरी = 4 – 2 = 2 किमी

और वह अपने आरंभिक बिंदु से पूर्व दिशा में है।

89. (A)



उसकी वर्तमान स्थिति और बिंदु A के बीच सबसे कम दूरी = 3 + 5 = 8 किमी

और वह बिंदु A से पूर्व दिशा में है।

90. (A) अर्थ

@ = पूर्व

= दक्षिण–पश्चिम

$ = दक्षिण

* = दक्षिण–पूर्व

अभिव्यक्ति M # N @ O $ P के आधार पर,



अतः P के सापेक्ष N की दिशा दक्षिण–पूर्व है।

91. (D)



अर्जुन की अब अपने घर से सबसे कम दूरी = 800 मी और वह अपने घर से दक्षिण दिशा में है।

92. (C)



अरनव अपने आरंभिक बिंदु के सापेक्ष उत्तर–पश्चिम दिशा में है।

93. (C) सुबह सूर्य पूर्व में होता है।

सूर्य की रोशनी रीना के चेहरे पर पड़ रही है ⟹ रीना पूर्व की ओर मुख किए है।

180° दक्षिणावर्त = पश्चिम

फिर 90° वामावर्त = दक्षिण

अब उसका मुख दक्षिण दिशा में है।

94. (A) 12:30 बजे मिनट की सुई 6 पर होती है।



शाम 6:00 बजे घंटे की सुई 6 पर होगी।



अतः घंटे की सुई दक्षिण दिशा की ओर होगी।

95. (D) कुल लड़के = 24

विजय दाएँ से 15वाँ है।

विजय का बाएँ से स्थान = 24 – 15 + 1 = 10

विनय, विजय के बाएँ 5वें स्थान पर है :

पंक्ति के बाईं छोर से विनय का स्थान = 10 – 5 = 5

96. (D) पंक्ति में कुल लोग = बाएँ से स्थान + दाएँ से स्थान – 1

= 150 + 275 – 1 = 424

97. (D) पहला अक्षर–

A → M → Y → K → W

हर बार +12 (Z के बाद A से)

A(+12) = M → M(+12) =Y → Y(+12) = K → K(+12) = W → W(+12) = 1

दूसरा अक्षर :

E → Q → C → O → A

हर बार → 12

A के बाद M

तीसरा अक्षर :

L → X → J → V → H

हर बार + 12

H के बाद T

अतः अगला समूह IMT आएगा।

98. (D) शृंखला का क्रम निम्नवत है—

<u>P</u>LAN<u>E</u>/P<u>L</u>AN<u>E</u>/PLA<u>N</u>E/PL<u>A</u>N<u>E</u>

अतः प्रश्नवाचक स्थान पर P, E, L, E, N, A, E आएगा।

99. (B) शृंखला का क्रम निम्नवत है—

0.8 → 1.6 → 2.4 → 3.2 → [4.0] → 4.8 → 5.6 → 6.4

(+0.8 +0.8 +0.8 +0.8 +0.8 +0.8 +0.8)

अतः प्रश्नवाचक स्थान पर 4.0 आएगा।

100. (C) शृंखला का क्रम निम्नवत है—

#% &, %&#, &#%, #%&, %&#, &#%,....., %&#, &#%

यह 3 समूहों का दोहराव है :

1. #% &
2. %& #
3. &# %

अतः रिक्त स्थान पर # % & आएगा।

101. (C) शृंखला का क्रम निम्नवत है—

Q → –2 → O → –2 → M → –2 → K → –2 → <u>I</u> → –2 → G → –2 → E

1, 4, 9, 16, [25], 36, 49

↓ 1^2, 2^2, 3^2, 4^2, 5^2, 6^2, 7^2

(+1 +1 +1 +1 +1 +1)

A → + 2 → C → –3 → F → –2 → H –3 → <u>K</u> → –2 → M –3 → P

अतः प्रश्नवाचक स्थान पर I 25K आएगा।

102. (B)



विपरीत फलक

2 → 5

4 → 6

1 → 3

2 के विपरीत संख्या 5 होगी।

103. (C) यदि "T" का अर्थ गुणा (×)

"U" का अर्थ घटाना (–)

"V" का अर्थ भाग (÷)

और "W" का अर्थ जोड़ (+) है,

व्यंजक

(56 V 4) W (26 T 5)

(56 ÷ 4) + (26 × 5)

14 + 130

144

104. (B)



जो केवल शतरंज और केवल टेनिस खेलते हैं ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या = 12 + 9
= 21

105. (A) **संबंध :**

सभी सर्जन, डॉक्टर होते हैं।

सभी डॉक्टर, मनुष्य होते हैं।

अर्थात, सर्जन ⊂ डॉक्टर ⊂ मनुष्य

इसलिए वेन आरेख में :

सबसे बड़ा वृत्त = मनुष्य

उसके अंदर = डॉक्टर

डॉक्टरों के अंदर = सर्जन

मनुष्यों के लिए एक बड़ा वृत्त, उसके अंदर डॉक्टरों के लिए एक छोटा वृत्त और डॉक्टरों के अंदर सर्जनों के लिए एक और भी छोटा वृत्त।

106. (A)



अतः विकल्प (A) सही है।

107. (A) **कथन :**

निष्कर्ष :

I. सभी पालतू जानवर बिल्लियाँ हैं। – सत्य

II. सभी बिल्लियाँ पालतू जानवर हैं। –असत्य

अतः केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

108. (D) इस वर्ष 1 मई = रविवार

अगले वर्ष (गैर–लीप वर्ष) में वही तारीख 1 दिन आगे होगी।

अतः अगले वर्ष 1 मई = सोमवार

अब 1 मई से 25 मई तक अंतर

= 25 – 1 = 24 दिन

24 ÷ 7 = सप्ताह + 3 दिन

अर्थात सोमवार से 3 दिन आगे

सोमवार → मंगलवार → बुधवार → गुरुवार

तो अगले वर्ष में सीता का जन्मदिन सप्ताह के गुरुवार को आएगा।

109. (C) P M N O

बाएँ से दाएँ की सही बैठने की व्यवस्था P–M–N–O है।

110. (B) यदि जल की सतह आकृति के ठीक नीचे स्थित हो, तो दी गई आकृति का जल प्रतिबिंब विकल्प (B) होगा।

X POMEGRANATE Y

POMEGRANATE (जल प्रतिबिंब)

111. (A)



दी गई मैट्रिक्स को पूरा करने के लिए रिक्त स्थान में विकल्प (A)  आकृति प्रतिस्थापित की जानी चाहिए।

112. (D)



450 डिग्री दक्षिणावर्त घुमाने पर,

450 डिग्री दक्षिणावर्त = 360 डिग्री दक्षिणावर्त + 90 डिग्री दक्षिणावर्त

यदि दी गई छवि को 90 डिग्री दक्षिणावर्त घुमाने पर रूपांतरण समान दृश्य विकल्प (D) आकृति उत्पन्न करेगा।

113. (A) **कथन I :**

$$2x + 3y + z = 16$$

एक समीकरण में 3 अज्ञात हैं, इसलिए मान ज्ञात नहीं हो सकते।

कथन II :

$$x = y$$

केवल एक संबंध दिया है, मान ज्ञात नहीं हो सकते।

दोनों कथन साथ में :

$$2x + 3y + z = 16, x = y$$

$x = y$ रखने पर,

$$5x + z = 16$$

फिर भी 2 अज्ञात (x और z) हैं, इसलिए अद्वितीय मान ज्ञात नहीं हो सकते।

अतः कथन I और कथन II दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं।

114. (D) ''पो + अन'' अयादि स्वर संधि का उदाहरण है।

- ए, ऐ और ओ, औ से परे किसी भी स्वर के होने पर क्रमशः अय, आय, अव और आव हो जाता है। इसे अयादि संधि कहते हैं।

उदाहरण :

सन्धि पद	सन्धि–विच्छेद	सन्धि का नियम
नयन	ने + अन	ए + अ = अय
गायक	गै + अक	ऐ + अ = आय
श्रावण	श्रो + अन	ओ + अ = अव
पावक	पौ + अक	औ + अ = आव
पवित्र	पौ + इत्र	औ + इ = आवि
भावुक	भौ + उक	औ + उ = आवु

115. (A) 'प्रत्येक' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। जब 'प्रति' उपसर्ग का मेल 'एक' (प्रति + एक) शब्द से होता है , तो यण संधि के नियमानुसार 'प्रति' का 'इ' और 'एक' का 'ए' मिलकर 'ये' बन जाते हैं, जिससे शब्द 'प्रत्येक' बनता है।

116. (A) 'पछतावा' शब्द में 'आवा' प्रत्यय है। मूल धातु/शब्द 'पछता' (पछताना क्रिया) के साथ 'आवा' प्रत्यय जुड़ने से 'पछतावा' भाववाचक संज्ञा शब्द बनता है।

- भाववाचक कृत्–प्रत्यय बनाने के लिए धातु के अन्त में अ, अन्त, आ, आई, आन, आप, आपा, आव, आवा, आस, आवना, आवनी, आवट, आहट, ई, औता, औती, औवल, औनी, क, की, गी, त, ती, न, नी इत्यादि प्रत्ययों को जोड़ने से होती है।

117. (B) 'त्रिमूर्ति' का सामासिक विग्रह : तीन मूर्तियों का समूह' होगा। यह 'द्विगु समास' का उदाहरण है, क्योंकि इसका पहला पद संख्यावाचक (त्रि = तीन) है और यह एक समूह का बोध कराता है।

118. (A) ''बच्चों ने गाना गाया।'' वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है। इस वाक्य में केवल कर्ता ('बच्चों ने'), क्रिया ('गाया') और कर्म ('गाना') है। इसमें किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाला शब्द (विशेषण) शामिल नहीं है। विकल्पों में दिए गए अन्य वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण इस प्रकार हैं—

- वह लड़का लंबा और दुबला है। इस वाक्य में 'लंबा' और 'दुबला' गुणवाचक विशेषण हैं जो लड़के की विशेषता बता रहे हैं।
- यह एक सुंदर फ्रॉक है। इस वाक्य में 'सुंदर' गुणवाचक विशेषण है जो फ्रॉक की विशेषता बता रहा है।
- मुझे बड़ी इमारतें पसंद हैं। इस वाक्य में 'बड़ी' गुणवाचक विशेषण है जो इमारतों की विशेषता बता रहा है।

119. (C) ''सुगन्धित'' शब्द विशेषण है। यह गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है, जो 'सुगंध' शब्द में 'इत' प्रत्यय जुड़ने से बना है। विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों का पद भेद इस प्रकार हैं—

शब्द	पद–भेद
चक्षु	जातिवाचक संज्ञा (यह आँख का पर्यायवाची है)
उपार्जन	भाववाचक संज्ञा (विशेषण) (उपार्जित)
रास्ता	जातिवाचक संज्ञा

120. (B) छात्रों ने आरुशी को अपना नेता चुना। वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग नहीं हुआ है। अन्य विकल्पों में दिए गए अन्य वाक्यों का विवरण इस प्रकार है—

- अध्यापक विद्यार्थी को पाठ पढ़ा रहा है। इस वाक्य में 'पढ़ा रहा है' प्रेरणार्थक क्रिया है (शिक्षक स्वयं पढ़ने के बजाय विद्यार्थी को पढ़ा रहा है)।
- पिता बच्चों से पौधे लगवाता है। इस वाक्य में 'लगवाता है' प्रेरणार्थक क्रिया है (पिता स्वयं न लगाकर बच्चों से काम करवा रहा है)।
- पूर्वी तितली उड़ा रही है। इस वाक्य में 'उड़ा रही है' प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है (तितली को उड़ने की प्रेरणा/माध्यम बन रही है)।

121. (C) ''स्वास्थ्य का ध्यान रखो अन्यथा बीमार हो जाओगे।' वाक्य में विकल्पसूचक समुच्चयबोधक अव्यय का प्रयोग हुआ है। इस वाक्य में 'अन्यथा' शब्द दो स्वतंत्र उपवाक्यों स्वास्थ्य का ध्यान रखो और बीमार हो जाओगे को आपस में जोड़ने का कार्य कर रहा है। विकल्पों में दिए गए अन्य वाक्यों का विवरण इस प्रकार है—

- **शालिनी बहुत मीठा बोलती है :** इसमें 'बहुत' और 'मीठा' क्रियाविशेषण अव्यय हैं जो बोलने की विशेषता बता रहे हैं।
- **उसे बहुत दूर नहीं जाना है :** इसमें 'बहुत दूर' स्थानवाचक और 'नहीं' निषेधवाचक क्रियाविशेषण अव्यय हैं।
- **अभी तुम रुक जाओ :** इसमें 'अभी' कालवाचक क्रियाविशेषण अव्यय है जो समय का बोध करा रहा है।

122. (B) 'अब तुम सो जाओ' वाक्य में कालवाचक क्रिया–विशेषण अव्यय है। इस वाक्य में 'अब' शब्द क्रिया ('सो जाओ') के होने के समय या काल का बोध करा रहा है। विकल्पों में दिए गए अन्य विकल्पों का विवरण इस प्रकार है—

परिमाणवाचक क्रिया–विशेषण : जो क्रिया के नाप–तौल या मात्रा का बोध कराए जैसे–थोड़ा, बहुत, कम आदि।

स्थानवाचक क्रिया–विशेषण : जो क्रिया के होने के स्थान का बोध कराए, जैसे – यहाँ, वहाँ, ऊपर, नीचे आदि।

सम्बन्धबोधक अव्यय : जो संज्ञा या सर्वनाम का सम्बन्ध वाक्य के अन्य शब्दों से जोड़ता है, जैसे–के बिना, के साथ, के ऊपर आदि।

123. (D) ''भील' शब्द का स्त्रीलिंग 'भीलनी' है। पुल्लिंग शब्दों के अंत में 'नी' प्रत्यय जोड़कर स्त्रीलिंग बनाने के नियमानुसार 'भील' में 'नी' प्रत्यय लगाने से 'भीलनी' बनता है, जैसे–शेर + नी = शेरनी, मोर + नी = मोरनी आदि।

124. (C) 'कबूतर' शब्द का लिंग बदलने पर 'कबूतरी' बनता है। अकारांत पुल्लिंग शब्दों के अंत में 'ई' प्रत्यय जोड़कर स्त्रीलिंग बनाने के नियमानुसार 'कबूतर' (पुल्लिंग) का स्त्रीलिंग 'कबूतरी' होता है , जैसे–हंस + ई = हंसिनी, नर + ई = नारी आदि ।

125. (D) 'सुधि' शब्द के अंत में 'जन' जोड़ने पर 'सुधिजन' शब्द बनता है, जो इसका सही बहुवचन रूप है। कुछ शब्दों के बहुवचन बनाने के लिए वृंद, गण, लोग, जन आदि

समूहवाची शब्द मूल शब्द के अंत में जोड़े जाते हैं, जैसे–पक्षीवृंद, कर्मचारी वर्ग, लेखकगण आदि।

126. (B) 'संबोधन कारक' प्रकट करने के लिए विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है। जब किसी को पुकारने, संबोधित करने या ध्यान आकर्षित करने के लिए 'हे!', 'अरे!', 'ओ!' आदि शब्दों का प्रयोग होता है, तब उनके आगे यह चिह्न लगाया जाता है।

127. (A) रेखांकित शब्द ''बोतल में'' में अधिकरण कारक है। अधिकरण कारक क्रिया के आधार, स्थान या समय का बोध कराता है और इसकी विभक्तियाँ/परसर्ग 'में' और 'पर' होते हैं।

128. (B) (लाघव चिह्न) और पुनरुक्ति सूचक चिह्न का प्रयोग शब्दों के संक्षिप्त रूप या दोहराव को दर्शाने के लिए छोटे शून्य के आकार का चिह्न (o) का प्रयोग किया जाता है।

129. (C) प्रश्नवाचक (?) और विस्मयादिबोधक (!) वाक्यों को छोड़कर शेष सभी साधारण (विधिवाचक, निषेधवाचक, आज्ञावाचक आदि) वाक्यों के समाप्त होने पर अंत में पूर्ण विराम (।) चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

विकल्पों में दिए गए अन्य चिह्नों का विवरण इस प्रकार है–

कोष्ठक : किसी शब्द का स्पष्ट अर्थ या अतिरिक्त जानकारी देने के लिए प्रयोग होता है।

योजक : दो शब्दों को आपस में जोड़ने के लिए प्रयोग होता है, जैसे– माता–पिता।

अवतरण/उद्धरण : किसी के कथन को ज्यों का त्यों प्रस्तुत करने के लिए प्रयोग होता है।

130. (A) वर्ष 2024 में प्रसिद्ध कवयित्री गगन गिल को उनके काव्य संग्रह "मैं जब तक आई बाहर" के लिए हिंदी भाषा का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें भारतभूषण अग्रवाल पुरस्कार (1984), संस्कृति सम्मान (1989), केदार सम्मान (2000), हिंदी अकादमी साहित्यकार सम्मान (2008), द्विजदेव सम्मान (2010) आदि से भी सम्मानित किया गया है।

विकल्पों में दी गई अन्य प्रसिद्ध लेखिकाओं का परिचय इस प्रकार है–

अनामिका : वर्ष 2020 में इनके काव्य संग्रह 'टोकरी में दिगंत : थेरीगाथा' के लिए हिंदी का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था।

ममता कालिया : इन्हें वर्ष 2017 में इनके उपन्यास 'दुक्खम–सुक्खम' के लिए व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया था।

कात्यायनी : ये समकालीन हिंदी साहित्य की प्रसिद्ध कवयित्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। 'चेहरों पर आँच', 'सात भाइयों के बीच चंपा', 'इस पौरुषपूर्ण समय में', 'जादू नहीं कविता', 'राख अँधेरे की बारिश में', 'फुटपाथ पर कुर्सी' और 'एक कुहरा पारभाषी' उनके काव्य–संग्रह हैं।

131. (D) 'कलत्र' संस्कृत का शब्द है, जिसका मुख्य अर्थ 'स्त्री' या 'पत्नी' होता है। अनेकार्थी रूप में इसका प्रयोग स्त्री, पत्नी और नितंब (कमर का पिछला भाग) के लिए किया जाता है।

विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों के अनेकार्थी शब्द इस प्रकार हैं–

तारा : इसके अनेकार्थी शब्द नक्षत्र, आँख की पुतली और बाली की पत्नी हैं।

श्री : इसके अनेकार्थी शब्द लक्ष्मी, सरस्वती, शोभा और संपत्ति हैं।

132. (A) 'वह्नि' और 'हुताशन' दोनों ही शब्द 'आग' (अग्नि) के पर्यायवाची शब्द हैं।

विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

विलक्षण, अजंगम : 'विलक्षण' का अर्थ 'अद्‌भुत या अनोखा' होता है, जबकि 'अजंगम' का अर्थ 'अचल या स्थावर' होता है।

कज, छाप : 'कज' का अर्थ 'काजल' या 'दोष' होता है, जबकि 'छाप' का अर्थ 'मोहर' या 'प्रभाव' होता है।

अकिंचन, स्थावर : 'अकिंचन' का अर्थ 'दरिद्र या अत्यंत गरीब' होता है, जबकि 'स्थावर' का अर्थ स्थिर होता है।

133. (B) प्रत्यक्ष अर्थात जो आँखों के सामने हो शब्द का सही विलोम शब्द ''परोक्ष'' या ''अप्रत्यक्ष'' है।

134. (D) 'जहाँ कोई न रहता हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द है, 'निर्जन'।

विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

गगनचुम्बी : गगन (आकाश) को छूने वाला।

अवैध : जो कानून या नियम के विरुद्ध हो।

पर्णकुटी : पत्तों से बनी हुई कुटिया या झोंपड़ी।

135. (D) सूर्य का कर्क रेखा से दक्षिण की ओर (मकर रेखा की ओर) जाना दक्षिणायन कहलाता है। 21 जून के बाद सूर्य धीरे–धीरे दक्षिण की ओर खिसकने लगता है, जिससे उत्तरी गोलार्ध में दिन छोटे और रातें लंबी होने लगती हैं। अन्य विकल्पों में प्रयुक्त शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

दक्षिणायन : कर्क रेखा से मकर रेखा की ओर सूर्य का दक्षिण दिशा में गमन।

उत्तरायण : मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर सूर्य का उत्तर दिशा में गमन।

136. (A) 'जिसका आचरण अच्छा है' (सत् + आचारी) वाक्यांश के लिए एक शब्द 'सदाचारी' होता है।

विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

मृदुभाषी : मीठी या मधुर वाणी बोलने वाला।

कर्मठ : जो काम करने में कुशल या निष्ठावान हो।

यशस्वी : जिसे यश या प्रसिद्धि प्राप्त हुई हो।

137. (C) 'जो स्वयं सेवा करता हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है–'स्वयंसेवी' या 'स्वयंसेवक'।

विकल्पों में दिए गए अन्य शब्दों का विवरण इस प्रकार है–

अनुयायी : किसी के पीछे चलने वाला या किसी के सिद्धांतों को मानने वाला।

अवसरवादी : अवसर या मौके का फायदा उठाने वाला।

सर्वव्यापी : जो सब जगह व्याप्त या मौजूद हो।

138. (C) 'घाव हरा होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है–भूला (पुराना) दु:ख याद आना।

विकल्पों में दिए गए शब्द समूह के लिए मुहावरे इस प्रकार हैं–

मुहावरे	शब्द समूह
पानी–पानी होना	शर्म महसूस करना
नौ दो ग्यारह होना	पकड़ में न आना
घुटने टेकना या हथियार डाल देना	हार मान लेना

139. (D) 'डोरे डालना' मुहावरे का सही अर्थ है–प्रेम में फँसाना या अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास करना होता है।

140. (C) 'नजरों से नीचे गिरना' मुहावरे का सही अर्थ है–'तिरस्कृत या अपमानित होना'। विकल्पों में दिए गए शब्द समूह के लिए मुहावरे इस प्रकार हैं–

मुहावरे	शब्द समूह
दुम दबाकर भागना	डर कर भाग जाना
पानी–पानी होना	लज्जित होना
नाम कमाना	अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना

141. (C) 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' लोकोक्ति का सही अर्थ है–योग्य व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है। विकल्पों में दी गई अन्य अर्थ–सूचक लोकोक्तियाँ इस प्रकार हैं–

मुहावरे	शब्द समूह
संगति का प्रभाव अवश्य पड़ता है	जैसी संगति बैठिये, तैसो ही फल होय।
आप भले तो जग भला	अच्छे को सभी अच्छे लगते हैं
मन चंगा तो कठौती में गंगा	मन शुद्ध है तो सब ठीक है

142. (D) गद्यांश के अनुसार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन एवं समय नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है।''

143. (D) गद्यांश के अनुसार, श्रम, अनुशासन और समय नियमन ही एक आदर्श विद्यार्थी के अच्छे गुण हैं।

144. (B) गद्यांश के अनुसार, विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

145. (D) ''गीता रहस्य'' पुस्तक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के द्वारा लिखी गई थी। इस पुस्तक में उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के निष्काम कर्मयोग की व्याख्या की है।

विकल्पों में दिए गए अन्य प्रसिद्ध लेखकों और उनकी प्रमुख रचनाओं का विवरण–

लेखक	रचनाएँ
जवाहरलाल नेहरू	भारत की खोज
रविन्द्रनाथ टैगोर	गीतांजलि (वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त), गोरा, काबुलीवाला
विक्रम सेठ	अ सूटेबल बॉय , द गोल्डन गेट

146. (C) 'साकेत' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित हिंदी साहित्य का एक प्रसिद्ध महाकाव्य है। इसमें उन्होंने रामायण की उपेक्षिता पात्रा उर्मिला (लक्ष्मण की पत्नी) के त्याग और विरह का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया है।

विकल्पों में दिए गए अन्य प्रसिद्ध छायावादी कवियों की प्रमुख रचनाएँ :

लेखक	रचनाएँ
सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'	राम की शक्ति पूजा, सरोज स्मृति, अनामिका, परिमल
सुमित्रानंदन पंत	चिदंबरम (ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित), पल्लव, वीणा, गुंजन
जयशंकर प्रसाद	कामायनी (प्रसिद्ध महाकाव्य), आँसू, लहर, झरना

147. (A) 'अजातशत्रु' जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित एक प्रसिद्ध नाटक है।

विकल्पों में दिए गए अन्य विकल्पों का विवरण इस प्रकार है :

रचना	लेखक	विधा
झरना	जयशंकर प्रसाद	कविता संग्रह
आधे–अधूरे	मोहन राकेश	नाटक
कामायनी	जयशंकर प्रसाद	महाकाव्य

148. (B) 'गिलिगडु' प्रसिद्ध साहित्यकार चित्रा मुद्गल द्वारा लिखा गया एक लघु उपन्यास है। इस उपन्यास में उन्होंने आधुनिक समाज में बुजुर्गों के एकाकीपन, उनकी उपेक्षा और वृद्ध जीवन की समस्याओं व पीड़ा का अत्यंत मार्मिक चित्रण किया है। विकल्पों में दिए गए अन्य साहित्यकारों की प्रसिद्ध रचनाएँ–

साहित्यकार	उपन्यास
मन्नू भंडारी	आपका बंटी, महाभोज (प्रसिद्ध उपन्यास)
उषा प्रियंवदा	पचपन खंभे लाल दीवारें, रुकोगी नहीं राधिका
मंजुल भगत	अनारो, बेघर

149. (C) 'कविता के नये प्रतिमान' प्रसिद्ध हिंदी आलोचक डॉ. नामवर सिंह द्वारा रचित एक प्रमुख आलोचनात्मक पुस्तक है (1968 ई.)। इस महत्वपूर्ण कृति के लिए उन्हें वर्ष 1971 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विकल्पों में दिए गए अन्य साहित्यकारों की प्रमुख रचनाएँ–

रचनाकार	रचनाएँ
श्रीलाल शुक्ल	राग दरबारी , सूनी घाटी का सूरज, मकान , पहला पड़ाव
भगवतीचरण वर्मा	चित्रलेखा, भूले बिसरे चित्र, वसीहत, मधुकण , थके पाँव

ध्यान दें : आचार्य नरेन्द्र देव ने विद्यापीठ (त्रैमासिक पत्रिका), समाज (त्रैमासिक पत्रिका), जनवाणी (मासिक पत्रिका), संघर्ष और समाज (साप्ताहिक पत्र) का संपादन किया।

150. (B) आचार्य नरेन्द्र देव को उनकी उत्कृष्ट कृति 'बौद्ध धर्म दर्शन' के लिए वर्ष 1957 में मरणोपरांत साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

विकल्पों में दिए गए अन्य साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों का विवरण इस प्रकार है :

कृति	लेखक	पुरस्कार
संस्कृति के चार अध्याय	रामधारी सिंह 'दिनकर'	वर्ष 1959 में साहित्य अकादमी पुरस्कार
कला और बूढ़ा चाँद	सुमित्रानंदन पंत	वर्ष 1960 में साहित्य अकादमी पुरस्कार
भूले बिसरे चित्र	भगवतीचरण वर्मा	वर्ष 1961 में साहित्य अकादमी पुरस्कार

ध्यान दें :
- वर्ष 1972 में, रामधारी सिंह 'दिनकर' को 'उर्वशी' के लिये 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' प्रदान किया गया।
- वर्ष 1968 में, सुमित्रानंदन पंत को 'चिदंबरा' के लिये ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया तथा भारतीय सरकार ने उन्हें 1961 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया।

❑❑